# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल

पत्रांक संख्या– 56 /R.O/SDSUV/2025 दिनांक– 03 अप्रैल, 2025

## रद्दी विक्रय निविदा सूचना

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी सत्र 2023–24 (जो कि 06 माह पूर्व की हों) की मुख्य व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षाओं स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकायें, परीक्षा आवेदन पत्र एवं विविध रद्दी की नीलामी की जानी है, जिस हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से सीलबन्द निविदा दिनांक 04 अप्रैल, 2025 से दिनांक 25 अप्रैल, 2025 अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की अधिकारिक बेवसाइट www.sdsuv.ac.in पर देखी जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

Signed by
Dinesh Chandra
Date: 03-04-2025 12:34:35

।।। कार्यालय श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढवाल।।।

संख्या–56/R.O./SDSUV/2025 दिनांक–03अप्रैल, 2025

प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सम्पादक, दैनिक जागरण को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा को अपने सम्मानित समाचार पत्र पर दिनांक 04 अप्रैल, 2025 को 6x4 सेमी0 के आकार में गढवाल संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करे तथा 10 प्रतिशत की छूट देते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. निजी सचिव, कुलपति जी को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. मुख्य वित्त अधिकारी।
5. सहायक परीक्षा नियन्त्रक, व्या0/मुख्य।
6. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

–ह0–
(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, (टिहरी गढ़वाल)

## निविदा तिथि एवं समय– दिनांक 04 अप्रैल, 2025 से दिनांक 25 अप्रैल, 2025 अपराहन 02:00 बजे तक

### विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं तथा परीक्षा सम्बन्धी सामग्री की नीलामी हेतु निविदा शर्ते/प्रपत्र

सत्र 2023–24 (सत्र 2023–24 की उत्तरपुस्तिकायें जो कि 06 माह पूर्व की हों) की मुख्य व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षाओं स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकायें, परीक्षा आवेदन पत्र एवं विविध रद्दी हेतु आवश्यक शर्तेः–

1. निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रेषित करने हेतु निविदा आवेदन पत्र मूल्य रूपये 1000/– कुल मूल्य रूपये 1000/– का नॉनरिफेन्डेवल बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) के पदनाम से जो कि चम्बा टिहरी में देय होगा, संलग्न करना होगा। बिना आवेदन पत्र मूल्य के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदादाता को निविदा के दो लिफाफे बनाने होंगे, एक लिफाफा तकनीकी निविदा तथा दूसरा लिफाफा वित्तीय निविदा का बनाना होगा। दोनों लिफाफों को एक बडे लिफाफे के अन्दर रखकर सीलबन्द करके निविदायें **दिनांक 25.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे** तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित करें या व्यक्तिगत रूप से निविदा पेटी में डालने पर कुलसचिव कार्यालय, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल (टिहरी गंढ़वाल) को आवश्यक प्राप्त होनी चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।
3. निविदायें **दिनांक 28.04.2025** को अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। अपूर्ण एवं कटिंग वाली निविदा को निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा। यदि कोई निविदादाता उक्त समय उपस्थिति रहना चाहता है, तो रह सकता है।
4. निविदा के लिफाफे पर उत्तर पुस्तिकाओं हेतु निविदा तथा अन्तिम तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। बडे लिफाफे के अन्दर रखे लिफाफों पर भी तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए।
5. निविदा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र पर ही देनी होगी, तभी मान्य होगी।
6. तकनीकी निविदा के लिफाफे के अन्दर तकनीकी निविदा वाले प्रपत्र के साथ निम्न प्रमाण–पत्र संलग्न होने आवश्यक हैः–
   (i) फर्म का पैन कार्ड की छायाप्रति।
   (ii) पेपर मिल हेतु पपलिंग प्रमाण पत्र, बिना पेपर मिल प्रमाण पत्र के निविदा मान्य नही होगी।
   (iii) धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट रूपये रू0 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र)।
   (iv) फर्म का जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रमाणित प्रति।
   (v) फर्म का आयकर एवं जी0एस0टी0 के रूप में दों वर्षो .2022–23, 2023–24 का आयकर रिर्टन का छायाप्रति।
   (vi) फर्म का पिछले वर्ष 02 वर्षो का वार्षिक टर्न ओवर प्रत्येक वर्ष में रू 10 लाख़ से अधिक होना आवश्यक है (सी0ए0 का प्रमाण पत्र तथा बैलेंस सीट संलग्न करें)।

7. यदि तकनीकी निविदा के अन्दर उपरोक्त प्रमाण पत्र नहीं पाये जाते है तो वित्तीय निविदा का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। वित्तीय निविदा वाले लिफाफे के अन्दर केवल दरों वाला आवेदन पत्र होना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति यदि आवश्यक समझे तो दोनों लिफाफे को खोल सकती है। इसका अधिकार समिति के पास सुरक्षित है।
8. तकनीकी निविदा के साथ रूपयें रू0 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में वित्त अधिकारी, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) के पदनाम से बना हो, संलग्न करना अनिवार्य है जो चम्बा टिहरी गढ़वाल में देय होगा।
9. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होगी, उस फर्म को आदेश मिलने के एक सप्ताह के अन्दर रद्दी का अनुमानित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल देयक बैंक शाखा चम्बा, टिहरी गढ़वाल के पदनाम देय होगा।
10. नीलाम की जाने वाली उत्तरपुस्तिकायें एवं रद्दी से सम्बन्धित सामग्री परिसर ऋषिकेश एवं मुख्यालय बादशाहीथौल, टि0ग0 से उठायी जानी होंगी।
11. उत्तपुस्तिकाओं की रद्दी एंव अन्य विविध रद्दी जहां है, जिस स्थिति में है, फर्म को अपने व्यय पर उनकों अपनी व्यवस्था पर उठानी होगी। विविध में प्रश्नपत्रों के लिफाफे पैकिंग सामग्री भी सम्मिलित होगी। फर्म द्वारा यदि सम्पूर्ण सामग्री नही उठायी जायेगी, तो धरोहर राशि का भुगतान नही किया जायेगा।
12. विश्वविद्यालय को किसी एक या सभी निविदादाताओं को अथवा निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदादाता फर्म निरस्त किये जाने का कारण पूछने का अधिकार नहीं है।
13. निविदा खुलने के उपरान्त दरों तथा शर्तो में कोई संशोधन स्वीकार/मान्य नहीं होगा।
14. निविदा डालने के पश्चात् निविदा वापस नही होगी, अन्यथा धरोहर जब्त कर ली जायेगी, निविदा खुलने के पश्चात् जिस फर्म की दरें स्वीकार की जायेंगी, उसी फर्म की धरोहर धनराशि रोक कर शेष फर्मों की धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।
15. किसी विवाद की स्थिति में कुलपति का निर्णय अन्तिम होगा, जो दोनों पक्षों को मान्य होगा तथा किसी भी विवाद के लिये न्यायालय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल होगा।
16. फर्म को वाहन कांटे में तोलकर तथा रद्दी भी कांटे में तोलकर देय होगी।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhand – 249199

पत्रांक :– 56 /SDSUV/कु0का0/2025 दिनांकः–03 अप्रैल, 2025

# रद्दी बिक्रय हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र

पंजीकृत ठेकेदार/फर्म का नाम एवं पता ........................................................................

..........................................................................................................................

पंजीकृत ठेकेदार/फर्म की रजिस्ट्रेशन संख्या........................................................................

जी0एस0टी0 न0 ........................................................................

पैन न0 ........................................................................

दूरभाष संख्या ........................................................................

संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण ........................................................................

पेपर मिल का नाम........................................................................
(जिस मिल मे रददी पल्पिंग की जाएगी मिल का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाए)

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं संलग्न शर्तें मेरे द्वारा भलीभांति पढ़ ली गयी है तथा उसमें निहित नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

तिथि एवं हस्ताक्षर निविदादाता ........................................................................

(पंजीकृत ठेकेदार/फर्म की मोहर सहित)

संलग्नकः–

1.

2.

3.

4.

5.

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhand – 249199

पत्रांक :– 56 /SDSUV/कु0का0/2024 दिनांकः– 03 अप्रैल, 2025

# रद्दी बिक्रय हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

(क) उत्तर पुस्तिका की रद्दी हेतु दर शब्दों में ..............................................................................

अंको में ..............................................................................

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं संलग्न शर्ते मेरे द्वारा भलीभांति पढ़ ली गयी है तथा उसमें निहित नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है।

तिथि एवं हस्ताक्षर निविदादाता ..............................................................................

(पंजीकृत ठेकेदार/फर्म की मोहर सहित)